# मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 2005

## प्रथम प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्न–खण्डों में से किन्हीं चार प्रश्न–खण्डों पर प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए।

(क) केलकर रिपोर्ट (ख) मध्यप्रदेश में साक्षरता कार्यक्रम

(ग) खेलकूद में ''डोपिंग'' (घ) स्वामी विवेकानंद

(ड.) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (च) भारत छोडो आन्दोलन।

2. निम्नलिखित खण्डों में से किन्हीं चार पर प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए।

(क) गंगा कार्य योजना (ख) विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज)

(ग) वाटर हार्वेस्टिंग (जल–संरक्षण) (घ) नवरत्न उद्योग

(ड.) नन्दी ग्राम (च) स्नो लाईन।

3. मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक स्वरूप को भारत की सांस्कृतिक एकता के रूप में देखा जाता है। इस कथन पर अपने विचार रखिए।

अथवा

भारतीय अर्थव्यवस्था पर अंग्रेजों के शासन के परिणाम पर प्रकाश डालिए।

4. 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के प्रकार, चरित्र एवं कारणों का उल्लेख कीजिए। यह असफल क्यों हुआ।

अथवा

ग्लोबल वार्मिंग क्या है? इस संबंध में भारत द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण दीजिये।

5. भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ क्या है?

अथवा

संसद एवं राज्य विधान मण्डलों में महिलाओं के आरक्षण के विषय में विवेचना कीजिये।

## मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 2005

## द्वितीय प्रश्न–पत्र

1. ''मध्यप्रदेश की जलवायु मानसूनी जलवायु है।'' इस कथन पर टिप्पणी लिखिये। जलवायु की दृष्टि से मध्यप्रदेश कितने भागों में बाँटा जा सकता है।

अथवा

मध्यप्रदेश में गेहूँ एवं चने की खेती की वर्तमान स्थिति का विवरण लिखिये।

अथवा

मध्यप्रदेश में सिंचाई के परंपरागत स्त्रोतों का उल्लेख कीजिये।

2. मध्यप्रदेश से संबंधित जनगणना 2001 की जानकारी के अनुसार निम्नलिखित बिन्दुओं पर एक टिप्पणी लिखिये।

(1) कुल जनसंख्या (2) जनसंख्या का घनत्व

(3) लिंग अनुपात (4) साक्षरता

अथवा

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिये।

(1) कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान (2) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

अथवा

मध्यप्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग के गठन एवं कार्यों का विवरण दीजिये।

3. इंदिरा सागर परियोजना पर टिप्पणी लिखिए तथा परियोजना की पूर्णता से होने वाले संभावित लाभों का विवरण दीजिये।

अथवा

मध्यप्रदेश में कोयले की उपलब्धता की स्थिति और ऊर्जा के लिए उसके उपयोग का वर्णन कीजिये।

अथवा

मध्यप्रदेश में ऊर्जा के गैर–परंपरागत स्त्रोतों का वर्णन कीजिये।

4. मध्यप्रदेश में पंचायती राज के उद्देश्यों को प्राप्त करने में कौन–कौन सी बाधाएँ है?

अथवा

म.प्र. राज्य वित्त आयोग के गठन एवं कर्तव्यों का विवरण लिखिये।

अथवा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्थापित मुख्य खेल संबंधी अवार्ड्स का उल्लेख कीजिये।

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टीप लिखिये।

(1) पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र (2) मण्डीदीप औद्योगिक क्षेत्र

अथवा

मध्यप्रदेश में कलेक्टर के विभिन्न कर्तव्यों एवं कार्यों का उल्लेख कीजिये।

अथवा

राज्य सूचना आयोग के गठन, शक्तियों तथा कार्यों पर एक टिप्पणी लिखिये।

## खंड–2

6. संस्कृत साहित्य में बाणभट्ट का महत्व बताईये।

अथवा

हिन्दी साहित्य में पद्माकर के योगदान को उल्लेखित कीजिये।

अथवा

हिन्दी साहित्य के लिए पं. माखनलाल चतुर्वेदी के योगदान पर एक टीप लिखिये।

7. मध्य प्रदेश की गोण्ड जनजाति व उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।

अथवा

मध्यप्रदेश की भील जनजाति व उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।

अथवा

मध्यप्रदेश की कोल जनजाति व उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।

8. मध्यप्रदेश कला परिषद की गतिविधियों का परिचय दीजिये।

अथवा

निमाडी गम्मत लोक नाट्य शैली पर टीप लिखिये।

अथवा

नारायण श्रीधर बेन्द्रे द्वारा आधुनिक चित्रकला में किये गए योगदान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

9. संक्षिप्त टीप लिखिये।

(अ) अहिल्या बाई (ब) अवंति बाई

अथवा

मध्य प्रदेश के तीन धरोहर स्थलों पर एक टीप लिखिये, जिन्हें यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थलों की सूची में घोषित किया गया है।

अथवा

निरगुणिया लोक गायन शैली की प्रमुख विशेषताएं लिखिये।

10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टीप लिखिये।

(अ) खजुराहो नृत्य समारोह

(ब) कालिदास सम्मान

अथवा

करमा लोक नृत्य के मुख्य लक्षणों पर टीप लिखिये।

अथवा

पं. कृष्ण राव शंकर की सांगीतिक प्रतिभा तथा हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के लिये उनके योगदान पर टिप्पणी लिखिये।

## मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

## सामान्य हिन्दी वर्ष 2005

## तृतीय प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित वाक्यों की अधिक से अधिक सौ–सौ शब्दों में व्याख्या कीजिये।

(क) नर और नारी जन्मते और मरते हैं, परन्तु राष्ट्र सदा अमर रहता है।

(ख) करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।

(ग) महत्वाकांक्षा का मोती संघर्षों की सीपी में पलता है।

(घ) विनय विद्या का भूषण है।

(ङ) कंचन की परत कसौटी पर होती है।

2. निम्नलिखित गद्यांश से संबद्ध प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

बादशाह अकबर का एक मित्र फकीर हो गया। बादशाह ने मित्र को अपने दरबार में आमंत्रित किया और सभी दरबारियों से उसका गर्मजोशी से स्वागत करने का आदेश दिया। सारा नगर सजाया गया। रास्तों पर कालीन बिछये गए। बादशाह स्वयं मित्र फकीर के स्वागत के लिये नगर के द्वार पर उपस्थित था। फकीर ने कालीन पर चलते हुए नगर में प्रवेश किया, पर लोगों ने आश्चर्य से देखा, न बरसात हुई थी न रास्ते कीचड़ भरे थे, परन्तु परन्तु फकीर के पैर धूल और गोबर से सने थें। महल के भीतर आते ही आश्चर्य से बादशाह ने पूछा "मित्र यह पैर कीचड़ से कैसे भर गये।" मुस्कुराते हुए फकीर ने कहा "तुमने रास्ते में कालीन बिछाकर अपनी बादशाहत दिखाई और मैने उस पर कीचड़ भरे पैरों से चलकर फकीरों की अलमस्ती दिखाई।" बाद बराबर हुई न! और फकीर हंस पड़ा।

प्रश्न

(क) बादशाह अकबर का मित्र कौन था?

(ख) बादशाह ने मित्र के स्वागत की क्या योजना बनाई?

(ग) महल के भीतर आते ही बादशाह ने फकीर से क्या पूछा?

(घ) बादशाह और फकीर में क्या अंतर मिला?

(ङ) फकीर की हंसी में किस प्रकार की भावनाएं छिपी थी?

3. निम्न लिखित गद्यांश का संक्षेपण लगभग एक तिहाई शब्दों में कीजिये और उपयुक्त शीर्षक चुनिये।

एक व्यक्ति अपनी जमीन जायदाद और रियासत आदि की हमेशा ही डींगे मारता था। एक बार वह स्वामी विवेकानंद के पास गया और बोला, महाराज मैं इस प्रदेश का सबसे धनी व्यक्ति हूं। मेरे पास जितनी जायदाद है, बाग–बगीचे और मकान है, उतने किसी के पास नहीं है। "विवेकानंद ने उस व्यक्ति के सामने विश्व का नक्शा खोला और पूछा" "श्री मान! इस नक्शे में दिखाईये आपकी जमीन, जायदाद, बाग–बगीचे, भवन कहां है?" वह व्यक्ति कुछ देर नक्शे की ओर देखता रहा, फिर बोला "स्वामी जी इस नक्शे में भला कैसे दिखाई दे सकती है" विवेकानंद ने कहा "जिस जमीन जायदाद के लिये इस कागज में जगह नहीं है।"

क्यों हमेशा सिर पर लादे घूमते हो। अपने कर्मों से तुम पहचाने जाओगे, उन्ही को संवारो। यह कर्म ही तुम्हारी मृत्यू के बाद दुनिया याद रखेगी। जमीन जायदाद तो दूसरे की हो जाएगी।

4. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिये और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिये।

(क) कलेजा ठंडा होना

(ख) जान पर खेलना

(ग) तीतर लड़ाना

(घ) घूंघट की लाज रखना

(ङ) टाट उलटना।

5. निम्नलिखित शब्दों के चार–चार पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये।

(क) अमृत (ख) किरण (ग) नौका (घ) रात (ङ) गणेश।

6. निम्नलिखित शब्द युग्मों का अर्थ लिखकर तथा वाक्यों में प्रयोग के द्वारा उनका अन्तर स्पष्ट कीजिये।

(क) अंश–अंस (ख) अमित–अमीत (ग) तरणी–तरणि

(घ) श्रोत–स्त्रोत (ङ) व्यंग–व्यंग्य

7. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध कीजिये।

(क) कल प्रातः काल के समय वहां किसी और दूसरे आदमी को भेजूंगा।

(ख) वेद–व्यास ने यहीं बैठकर अपनी रचनाओं की सृष्टि की।

(ग) होली के पर्व पर सभी घरों में खाने–पीने के व्यंजन बनाये जाते हैं।

(घ) अपने आत्मसम्मान की रक्षा के प्रति हर व्यक्ति को सजग रहना चाहिये।

(ङ) आपका कृपा–पत्र धन्यवाद सहित मिला।

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर तीन सौ शब्दों में निबंध लिखिये।

(क) खजुराहो के मन्दिर

(ख) युवाओं में बढ़ती अनुशासनहीनता

(ग) इक्कीसवी सदी का भारत

(घ) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ङ) समाचार पत्र की उपयोगिता ।